तापमान
अधिकतम 24.2 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 23 नवंबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 वेबसाइट के माध्यम से सिरपुर के वैभव ...



14 राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए सेजेस...


## राष्ट्रीय स्तर की मेजबानी मिली जिले को, कल से पहुंचेंगे खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गौरव का विषय है कि जिले को शालेय खेलों में राष्ट्रीय स्तर की हैंडबॉल अंडर-14 की मेजबानी मिली है। मिनी स्टेडियम में 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 25 से 29 नवंबर तक आयोजित होगा। प्रतियोगिता में 30 राज्यों से कुल 796 खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में हैंडबॉल खेल शामिल किए गए हैं। जिसमें 14 वर्ष के 404 बालक एवं 392 बालिका भाग लेंगे। साथ ही 30 राज्यों से 127 कोच व मैनेजर तथा जिले के 125 अधिकारी कर्मचारी शामिल होंगे। बता दें कि अब तक 21 राज्यों की टीम ने सहमति दे दी है। कई और राज्यों की टीम भी स्पर्धा में शामिल हो सकती हैं। 25 नवंबर से होने वाली स्पर्धा को लेकर जिल शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मंगलवार को बैठक हुई। कार्यक्रम के आयोजन के लिए आवास व्यवस्था, मैदान व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रभारियों की नियुक्ति की गई। अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारी दी गई। कलेक्टर की अध्यक्षता व जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। शहर के सभी प्राचार्य शासकीय व अशासकीय तथा व्यायाम शिक्षकों को आवास, यातायात, मैदान व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मिली जानकारी के अनुसार 2016 में राष्ट्रीय स्तर की शालेय स्पर्धा का आयोजन महासमुंद में किया गया था। आठ साल के बाद फिर से प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

### आठ साल बाद फिर मिला मौका, रुपरेखा तय, आयोजन की तैयारी जुटे विभाग

#### 700 खिलाड़ी व 200 अधिकारी लेंगे हिस्सा

कोच इमरान ने बताया कि लगभग 35 टीमें हिस्सा लेंगी। 24 नवंबर से टीम का आगमन होना प्रारंभ हो जाएगा। 68वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक और बालिकाओं की हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन महासमुंद नगर में 25 नवंबर से 29 नवंबर 2024 तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 700 खिलाड़ी और 200 अधिकारी भाग लेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने मोहन राव सावंत ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षा विभाग के निर्देशन में किया जा रहा है। इस आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रतियोगिता के लिए खेल मैदान और अन्य सुविधाओं को खिलाड़ियों की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया गया है।



#### बैठक में यह रहे मौजूद

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत, सहायक संचालक सतीश नायर, एनके सिन्हा, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, व सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन व स्कूल के प्राचार्य व शिक्षक उपस्थित थे। क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल ने बताया कि 25 नवंबर को उद्घाटन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए तैयारी प्रारंभ हो गई है। अंडर-१४ हैंडबॉल स्पर्धा के लिए कई राज्यों की टीम आएगी। जिला मुख्यालय में आयोजन होगा। मिनी स्टेडियम में खेलों के लिए पांच मैदान तैयार किए जा रहे हैं, जहां हैंडबॉल खेल का आयोजन किया जाएगा। लंबे समय के बाद महासमुंद जिला मुख्यालय को राष्ट्रीय स्तर की मेजबानी मिली है।

## खबर संक्षेप

### बैग को छीनकर भागा अज्ञात आरोपी

**महासमुंद**। माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी के बैग को छीन कर अज्ञात आरोपी भाग निकला। मामला खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम कोकनाझर का है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि समस्ता माइक्रो फाइनेंस कंपनी बागबाहरा में कार्यरत गंगाधर जोशी ने रिपोर्ट लिखाई है कि वह कंपनी के लोन का पैसा ग्राहकों से एकत्रित करने ग्राम रोडा, आमाकोनी, ठोंगा, धौंराभांठा के बाद ग्राम कोकनाझर पहुंचा था, जहां जामबाई यादव के घर पैसा कलेक्ट कर कंपनी के दिए मोबाइल में एंट्री कर रसीद काट रहा था। उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति अपने पल्सर मोटर सायकल खड़ा कर अपने चेहरे को ढंक कर घर के अंदर आया और कंधे में रखे बैग को छीनकर ले गया। बैग में 53460, मोबाइल फोन, मंत्रा डिवाइस थे। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 304 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सशक्त और विकसित पंचायत के लिए बैठक

**महासमुंद**। बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत अरंड में ग्राम पंचायत प्लानिंग एंड फैसिलिटेशन टीम (जीपीपीएफटी) के माध्यम से पंचायत को सशक्त और विकसित बनाने के उद्देश्य से पिरामल फाउंडेशन द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पंचायत समिति के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए स्कूल मैनेजमेंट कमिटी (एसएमसी) और बिल्डिंग ऐज़ लर्निंग ऐड (बाला) जैसे शिक्षण उपकरणों के प्रभावी उपयोग पर चर्चा करना था। इस दिशा में गांव के विकास के लिए एक समर्पित टीम गठित कर विभिन्न गतिविधियां संचालित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सरपंच पार्वती तांडे ने कहा कि बच्चों का विकास ही गांव का विकास है। लक्ष्य को हासिल करने के लिए पंचायत राज संस्थान (पीआरआई), स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, युवा और स्थानीय नेतृत्व मिलकर काम करेंगे।

### सख्ती: अफसरों ने कहा, अवैध धान भंडारण मामलों पर होगी सख्त कार्रवाई

## बोंदा में गोदाम से 500 क्विंटल अवैध धान जब्त, अफसरों ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली तहसील के ग्राम बोंदा में साई कृपा ट्रेडर्स के गोदाम पर अनुविभागीय अधिकारी (आईएएस) नम्रता चौबे के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने कार्रवाई की है। शुक्रवार को किए गए निरीक्षण में गोदाम में 500 क्विंटल अवैध धान का स्टॉक पाया गया, जिसके संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार श्रीधर पंडा, राजस्व मंडी अधिकारी, पटवारी मौजूद थे।

एसडीएम चौबे ने बताया कि यह स्पष्ट



रूप से नियमों का उल्लंघन है और धान का अवैध भंडारण खाद्य सुरक्षा एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता है। मौके पर ही अधिकारियों ने गोदाम को सील कर दिया और स्टॉक जब्त कर लिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अवैध धान भंडारण जैसे मामलों पर सख्ती से कदम उठाए जाएंगे और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के हितों की रक्षा और बिचौलियों पर नियंत्रण के लिए ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। यह कार्रवाई प्रशासन की सक्रियता और पारदर्शिता को दर्शाती है। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि अवैध भंडारण की जानकारी मिलने पर तुरंत इसकी सूचना दें। ताकि, आवश्यक कदम उठाए जा सकें।



### बिरकोनी और बेलसोंडा धान उपार्जन केंद्रों का अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**महासमुंद**। अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू ने धान उपार्जन केंद्र बिरकोनी और बेलसोंडा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उपार्जन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए केंद्र प्रभारी और समिति सदस्यों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम हरिशंकर पैकरा, खाद्य निरीक्षक, राजस्व मंडी अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने को कहा और उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने की हिदायत दी। उन्होंने धान की तौल प्रक्रिया, गुणवत्ता जांच, और रिकॉर्डिंग की जांच की तथा यह सुनिश्चित किया कि किसानों को समय पर भुगतान किया जाए। इसके साथ ही अपर कलेक्टर ने केंद्रों पर आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता जैसे बोरियों की संख्या, वजन मापदंड और परिवहन व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और सभी किसान बिना किसी कठिनाई के अपनी उपज बेच सकें। इसी कड़ी में डिप्टी कलेक्टर मिषा कोसले ने बेलसोंडा, बम्हनी और बरोंडाबाजार के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। कोसले ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर कार्य पूर्ण करने और किसानों की शिकायतों का तुरंत समाधान करने का निर्देश दिया गया।

## धरनास्थल पर प्लेसमेंट कर्मियों से मिले पूर्व नपाध्यक्ष, दिया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ठेका पद्धति समाप्त करने, सीधे वेतन भुगतान सहित 4 सूत्रीय मांगों को लेकर नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को आज पूर्व नपाध्यक्ष व भाजपा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रकाश चंद्राकर ने अपना समर्थन दिया। उन्होंने प्लेसमेंट कर्मियों की हड़ताल को जायज ठहराते हुए उनकी मांगों पर नगरीय प्रशासन मंत्री से चर्चा कर सकारात्मक पहल की मांग करने की बात कही। चंद्राकर ने बताया कि लंबे समय से अल्प वेतन में निकाय कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करते आ रहे हैं। पूरे प्रदेश के निकायों में मूलभूत सुविधाओं का सुचारू संचालन प्लेसमेंट कर्मचारियों पर निर्भर हैं।

ऐसे में विगत लंबे समय से इन कर्मियों द्वारा की जा रही मांग पर सकारात्मक पहल होनी चाहिए। चंद्राकर ने प्लेसमेंट कर्मचारियों को कहा कि कल कार्यालयीन समय पर मुख्य नगर पालिका से मुलाकात कर प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांग को लेकर चर्चा की जाएगी। साथ ही पैदल कलेक्टोरेट आफिस पहुंचकर कर्मचारियों की मांगों से अवगत कराया जाएगा व नगरीय प्रशासन मंत्री से मुलाकात कर कर्मचारियों की मांगों से अवगत कराकर शीघ्र मांगे पूर्ण करने की मांग की जाएगी। कर्मचारियों से मुलाकात के दौरान चंद्राकर के साथ भाजपा नेता राजेश चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू बाघमारे, भाजपा उपाध्यक्ष भाऊराम साहू आदि उपस्थित थे।

### स्कूल में चोरी

**महासमुंद**। बेलसोंडा स्कूल में फरवरी से अक्टूबर माह के बीच चोरी की घटना की रिपोर्ट कोतवाली में लिखाई गई है। पुलिस को प्राचार्य शोभा सिंहदेव ने पुलिस को बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा में 19 फरवरी 2024 को लोहे का एक नग खिड़की, एक नग दरवाजा, 10 सितंबर 2024 को 2 माइक्रोस्कोप,बोरवेल्स का 150 मीटर केबल, 15 अक्टूबर 2024 को 6 ट्रीगार्ड, 17 नवंबर को कबाड़ रखने वाले रूम का ताला टूटा पाया गया। अज्ञात चोर ने करीबन 30,000 रुपए के सामानों की चोरी कर ली। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (ई) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।



### गौवंशों में लंपी वायरस को लेकर सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद**। विश्व हिंदू परिषद महासमुंद द्वारा गौवंश में लंपी वायरस को लेकर पशु चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि गौवंश में लंपी वायरस का कहर सन 2019 से लगातार जारी है। लंपी वायरस एक गौवंश से दूसरे गौवंश में फैलता है और गौवंश के शरीर में दाने के समान घाव होने लगता है। गौवंश के आंखों से पानी टपकता है और पशुओं को भूख लगान बंद हो जाता है। गौवंश की वजन धीरे-धीरे कम हो जाती है जिससे गौवंश की मृत्यु हो जाती है। वर्तमान में जिले में हजारों गौवंश की मृत्यु लंपी वायरस से हो चुकी है। हजारों की संख्या में गौवंश लंपी वायरस के चपेट में है। शहर के आसपास प्रतिदिन कहीं ना कहीं गौ वंश की मृत्यु हो रही है। लेकिन, जिला पशु चिकित्सा विभाग की तरफ से किसी भी प्रकार की आवश्यक कदम नहीं उठाया गया है ना ही मवेशियों को लंबी वायरस का वैक्सीन लगाया जा रहा है। जबकि, लंपी वायरस का वैक्सीन का अभियान चलाकर लगाने की आवश्यकता है, जिसकी शुरुआत तत्काल होनी चाहिए। साथ ही संक्रमित गौवंश का इलाज भी तत्काल होनी चाहिए। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने इस ओर उचित कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान विभाग संयोजक ईवन साहू, जिला उपाध्यक्ष दानेश्वर सिंहा, जितेन्द्र साहू, धीरेंद्र चंद्राकर, कान्हा प्रधान, सुमन सेंद्र, रामेश्वर गोलू साहू, समकित मालू, रामेश्वर साहू, चंदन नेताम, मोहन साहू आदि उपस्थित थे।

## किसानों ने एसडीएम दफ्तर में दिया धरना, फिर चोपड़ा मिले मंत्री से अब कर्मचारियों ने की कथित व्यवधान की शिकायत, मांगी कार्रवाई



राजस्व विभाग के समस्याओं का कई वर्षों से निराकरण न होने और अधिकारियों की भर्राशाही व मनमानी के चलते बुधवार सुबह 11.30 बजे ग्राम पाली, बरोंडाबाजार, खैरा, खरोरा, महासमुंद के किसानों ने एसडीएम कार्यालय में फर्श पर बैठकर धरना दिया और जमकर नारेबाजी कर आक्रोश जताया। ज्ञात हो कि 20 नवंबर को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा व कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय परिसर में राजस्व विभाग संबंधी समस्याओं से पीड़ित किसानों और लोगों की समस्याएं सुनी। लोगों की समस्याओं को सुनने के पश्चात डॉ. चोपड़ा और कार्यकर्ताओं ने एसडीएम से मिलकर चर्चा की और लोगों की समस्याओं को निराकरण करने की बात कही।

### शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाले के खिलाफ शिकायत, कार्रवाई की मांग

**महासमुंद**। तहसील कार्यालय में न्यायालयीन एवं कार्यालयीन कार्यों में दखलंदाजी करने का आरोप लगाते हुए तहसील कर्मचारियों ने शुक्रवार को डॉ. चोपड़ा के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कार्रवाई की मांग कलेक्टर से की है। बता दें कि डॉ. विमल चोपड़ा (पूर्व विधायक) निवासी महासमुंद द्वारा अपने राजनीति के चलते प्रत्येक बुधवार को अपने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसील कार्यालय महासमुंद में आसपास के लोगों के इकट्ठा कर दबावपूर्वक कार्य कराए जाने का प्रयास किया जाता है। न्यायालयीन प्रकरणों के सुनवाई के दौरान अपने कार्यकर्ताओं द्वारा न्यायालय में अनाधिकृत घुस कर बाधा उत्पन्न करते हुए नारेबाजी किया जाता है। साथ ही न्यायालय के फोटोग्राफिंग एवं वीडियो रिकार्डिंग भी किया जाता है। जिसके चलते कार्य करने में बहुत परेशानी होती है। डॉ. विमल चोपड़ा द्वारा अपने राजनीति वर्चस्व बनाये रखने के लिए कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए ट्रांसफर कराने तथा झूठे शिकायत में फंसाने एवं अपने लोगों से शपथ पत्र प्रस्तुत कर पैसे में फंसाने की धमकी दिया जाता है। अधिकारी-कर्मचारी भ्रष्ट है कहकर बिना किसी सबूत के बेबुनियाद पैसा लेने का आरोप लगाते हैं। अधिकारी-कर्मचारियों के छबि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। हम सभी कर्मचारी मानसिक रूप से पीड़ित एवं परेशान है। उनके द्वारा मेंरे आने पर खड़े होकर बात नहीं करते हो कहकर धमकी दी जाती है तथा मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। पीड़ित कर्मचारियों ने कलेक्टर से डॉ. विमल चोपड़ा के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई कार्रवाई करने की मांग की है। उनके द्वारा पुनः दबाव पूर्वक कार्य कराने के लिए न्यायालय / कार्यालय में अनाधिकृत रूप से दबाव बनाया जाता है तो उक्त दिवस को कलम बंद करने बाध्य होंगे। इस दौरान रोशन सोनी वाचक एसडीएम महासमुंद, शकुंतला नेताम नायब नाजिर, रमेश सहिस वाचक तहसीलदार महासमुंद, पवनरेखा ध्रुव वाचक-2 एसडीएम, अभिनव तिवारी सहायक वर्ग 02, गजेंद्र चंद्राकर वाचक नायब तहसीलदार महासमुंद, रूपेश यादव वाचक-2 तहसीलदार महासमुंद, पूजा कंवर सहायक वर्ग 03, कंचन प्रभा सहायक वर्ग 03, पीलाराम साहू नेट प्रोसेसर आदि शामिल रहे।






बुधवार को पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात कर महासमुंद राजस्व विभाग में चल रही लंबित प्रकरणों की समस्याओं को अवगत कराया तथा अधिकारियों की भर्राशाही व मनमानी की शिकायत की। डॉ. चोपड़ा ने राजस्व मंत्री को बताया कि राजस्व विभाग में लोगों के छोटे से छोटे मामलों का निराकरण नहीं किया जाता, संपूर्ण जांच होने के बाद भी प्रकरणों को लंबित कर दिया जाता है या खारिज कर दिया जाता है, न ही प्रकरण के निराकरण की कोई नियत तिथि बताई जाती है। आम जनता राजस्व विभाग के अधिकारियों की भर्राशाही और मनमानी से परेशान हो चुकी है। इन्हीं सब के चलते लोगों ने आक्रोशित होकर एसडीएम के चैंबर में धरना दिया था और वह दिन न आए जब पीड़ित जनता कलेक्टर के चेंबर में धरने पर बैठ जाएं।

## दिव्यांगजनों के लिए सहारा बनी संस्था महिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वयस्क हो चुके दिव्यांग बालिकाओं के लिए "घरौंदा" का पुनः संचालन मंगलवार से शुरु हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए महिमा शक्ति वेलफेयर फाउंडेशन की संचालक एवम् मानव अधिकार की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. महिमा सिंह ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में यहां पर 4 दिव्यांग बालिकाएं हैं। पूर्व में जिस संस्था द्वारा घरौंदा का संचालन



किया जा रहा था। उनके द्वारा अचानक इसे संचालित करने से मना किए जाने के बाद तत्काल उनकी संस्था अग्रणी तौर पर सामने आई और इन दिव्यांगजनों के लालन-पालन और शिक्षा-दीक्षा की जवाबदारी लेते हुए इस कार्य में जुट गई है। ओर तुरंत ही घरौंदा एक दिव्यांग बच्चों का घर निशुल्क ओपन किया गया। साथ ही पूर्व संस्था में कार्यरत स्टाफ के बेरोजगारी के भय को दूर करते हुए पुनः कार्य में शामिल किया। संस्था के संचालन की जानकारी भी विभागीय अफसरों को दे दी गई है।

### घास जमीन बेची, चार के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**महासमुंद**। शासकीय घास जमीन बेचने के मामले में बसना पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि रामचंद्र अग्रवाल निवासी बसना ने रिपोर्ट लिखाई है कि सांई बिहार कालोनी पहनं 34 उप वृत्त/तह.- बसना स्थित भूमि ख.नं.-328/1 (ख), 328/1 (घ), 328/1(क), 328/1 (ड), 328/3 रकबा कल 3477 वर्गफुट भूमि को लगानी व स्वयं की भूमि बताकर गजेंद्र साहू पिता चमरूलाल साहू, प्रमोद कुमार पिता बनारसी लाल, दिव्य प्रकाश वल्द शिवप्रसाद, ज्योतिष साहू पिता डिग्रीलाल सभी निवासी बसना द्वारा कुल 2,81000 रुपए में विक्रय किया गया जिसे 21.03.2011 को उप पंजीयक कार्यालय सरायपाली में श्री नरसिंह शिक्षा समिति बसना के नाम से पंजीयन कराया गया है, प्रार्थी को बाद में ज्ञात हुआ कि उक्त भूमि शासकीय घास जमीन है। प्रार्थी ने बताया कि कुल विक्रय कीमत 2,81,000 प्राप्त कर 21.03.2011 को विक्रय पंजीयन उपपंजीयक कार्यालय सरायपाली श्री नरसिंह शिक्षा समिति बसना अध्यक्ष रघुवीर प्रसाद पिता महावीर प्रसाद के नाम पर करवा दिया गया है। अनावेदकगण द्वारा विक्रय पंजीयन के पूर्व प्रार्थी को जो भूमि दिखाई गई थी, उक्त भूमि को पड़ोसी द्वारा सीमांकन जांच करवाए जाने पर बाद में यह भूमि शासकीय होना बताया गया। इस संबंध में विक्रेता से बार-बार बोलने पर भी हमारी भूमि हमें नहीं दी जा रही है। जिसकी शिकायत तहसीलदार व कलेक्टर से भी की चुकी है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

**खबर संक्षेप**

### सहकारी समिति अध्यक्षों ने संभाला पदभार



**कोमाखान।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति नर्रा में कलाराम नायक एवं परसुली में लोचनराम पटेल ने प्राधिकृत अध्यक्ष के तौर पर पदभार ग्रहण किए। पदभार ग्रहण करने पर क्षेत्र जनप्रतिनिधि, कृषकों, समिति के कर्मचारी एवं हमालों द्वारा अध्यक्षों का तिलक, हार, गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। अध्यक्षों ने किसान हित व सहकारी समिति के विकास के लिए प्रतिबद्धता दोहराते किसानों एवं कर्मचारियों को भी विकास में योगदान की अपील की। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि समाज सेवक व पूर्व अध्यक्ष भाजपा मंडल कोमाखान नवीन पटेल ने कहा कि समृद्ध किसान खुशहाल छत्तीसगढ़ के ध्येय को आत्मसात करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार मोदी हर गारंटी पूर्ण व साकार करते हुए प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31 सौ रुपये में खरीद रही है। इस अवसर पर सरपंचगण गोपाल पटेल नर्रा, लुभेश्वर पाड़े बिन्द्रावन, पुनउराम ठाकुर झिटकी, चिंतामणि चंद्राकर परकोम, तीरथ राम पटेल, भोज राम चक्रधारी, पन्नालाल साहू, जगदीश पटेल, चंदर सिंह यादव, माधवराम सेन, गोविंद साहू, कांशीराम यादव, दिनेश यादव, लल्लू राम निषाद, पति राम साहू, पवन निषाद, रूपधर साहू, परमेश्वर पटेल, देवेंद्र चक्रधारी, यादलाल सिन्हा, धनेश साहू, बालमुकुंद निषाद, नर्रा सोसाइटी के प्रभारी नाथूराम कुर्रे, सदाराम पटेल, चेतन साहू, मिलाप, परसुली सोसायटी के प्रभारी राजेश पटेल, पूर्व प्रभारी तेज लाल साहू, कोमल ठाकुर, नीलकंठ पटेल, गनेश्वर यादव, खिलेश पटेल, डालेश्वर पांडे आदि उपस्थित रहे।

**व्यवस्था : पटवारी प्रशिक्षण के लिए आदेश जारी**

# अनुकंपा नियुक्ति के मामलों का हुआ त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

- शासन-प्रशासन के संवेदनशील और त्वरित पहल के लिए आवेदकों ने दिया धन्यवाद



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में लोगों को त्वरित समाधान और राहत मिल रही है। उनके द्वारा दिए गए निर्देशानुसार अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को समय-सीमा के भीतर निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अनुकंपा नियुक्ति के चारों प्रकरणों पर संवेदनशीलता से कार्रवाई करते हुए भू-अभिलेख शाखा को आवेदन प्राप्त होने के तत्काल पश्चात नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की। जिसके फलस्वरूप कुछ ही महीने के भीतर नियुक्ति आदेश जारी किया गया। इस आशय का आदेश गुरुवार को सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग द्वारा अभ्यर्थियों को प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू मौजूद रहे। अनुकम्पा नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने पर अभ्यर्थियों ने शासन और प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू ने बताया कि कलेक्टर वित्त स्थापना महासमुंद द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के प्राप्त प्रकरण अनुसार जिले के अन्य विभागों के दिवंगत शासकीय सेवक के आश्रित परिवार के सदस्य को जारी अनुकंपा नियुक्ति के अद्यतन एकजाई निर्देश-2013 में निहित प्रावधानानुसार भू-अभिलेख शाखा महासमुंद में अनुकंपा नियुक्ति के तहत पटवारी के रिक्त पद के विरुद्ध पटवारी प्रशिक्षण शाला जिला रायपुर में आगामी प्रशिक्षण सत्र में पटवारी प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जिले के चार आवेदकों का चयन किया गया है।


जिसमें अनुकंपा नियुक्ति आवेदक कौशल कुमार बुड़ेक पिता स्व. सूरत लाल बुड़ेक, ग्राम खम्हन पिथौरा, राजनारायण झारेय पिता स्व.चिंताराम झारेय रमन टोला मचेवा महासमुंद, पूनम नंद पिता स्व.संतोष कुमार नंद ग्राम लुकापारा तहसील बरमकेला सारंगढ़-बिलाईगढ़, भूपेंद्र कुमार सेन पिता स्व.कृष्ण कुमार सेन वार्ड क्रमांक 04 शारदा मंदिर महासमुंद शामिल है।

### आवेदकों ने कहाः आदेश जारी होने से चिंता मुक्त हुए

आवेदक भूपेंद्र कुमार सेन ने बताया कि उनके पिता स्व. कृष्ण कुमार सेन जनपद पंचायत महासमुंद में विकास विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ थे। वर्ष 2022 में उनकी अचानक मृत्यु हो जाने के कारण घर की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी थी और अनुकंपा नियुक्ति के लिए विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ रहा था। जिससे मानसिक और आर्थिक स्थिति भी खराब हो रही थी। नए सरकार के गठन के पश्चात प्रक्रिया में तेजी आई और जैसे ही आवेदन भू-अभिलेख शाखा में पहुंचा, वैसे ही त्वरित समय में आवेदन का निराकरण हुआ और हमें प्रमाण पत्र मिला। उन्होंने कहा कि वास्तव में यह संवेदनशील सरकार की सुशासन का ही परिणाम है। पिताजी के असामयिक गुजर जाने के पश्चात बहन और माता की जिम्मेदारी भी उनके ऊपर आ गई थी। भूपेंद्र सहित अन्य अभ्यर्थियों ने भी इस पहल के लिए शासन को धन्यवाद दिया। जारी आदेशानुसार चयनित अभ्यर्थियों को पटवारी पद पर नियुक्ति पूर्व एक वर्ष का निर्धारित पटवारी प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण पश्चात पटवारी परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर पटवारी पद पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए पृथक से आदेश जारी किया जाएगा।

# विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



गुरुवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम पंचायत उमरदा और उसके आश्रित ग्राम पतेरापाली में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी थीं।

जिला मुख्यालय के करीब स्थित ग्राम पंचायत उमरदा के हाईस्कूल में अहाता निर्माण किया गया है। साथ ही ग्राम पतेरापाली में रंगमंच व शेड का लोकार्पण हुआ। इस दौरान सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में सभी साथ मिलकर काम करेंगे। डबल इंजन की सरकार में राज्य के साथ हमारा क्षेत्र भी विकास की नई गाथा लिखेगा। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र हमारे आधार हैं। इनके विकास से पूरे देश का विकास जुड़ा हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं देने के लिए हमारी सरकार सदैव तत्पर है। इसके लिए विभिन्न योजनाएं भी संचालित की जा रही है, जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को भी विकास की गति में बराबर सहयोग किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश साहू, जनपद सदस्य निधि चंद्राकर, सरपंच हेमंत चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, लोकेश चंद्राकर सहित अन्य नेतागण व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### समिति अध्यक्षों के शपथ ग्रहण में शामिल हुए विधायक, धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण



**महासमुंद।** शुक्रवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा धान खरीदी समिति के नवनियुक्त अध्यक्षों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस दौरान धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण भी किया। साथ ही किसानों से भेंट मुलाकात कर चर्चा भी की। बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा अलग-अलग धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी तारतम्य में वे शुक्रवार को बरोंडाबाजार स्थित धान खरीदी सोसाइटी पहुंचे। यहां नवनियुक्त अध्यक्ष नामदेव साहू ने विधायक की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। पश्चात विधायक सिन्हा ने समिति में धान बेचने आए किसानों से मिले। साथ ही खरीदी केंद्र में किए गए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद वे बेमचा स्थित धान खरीदी सोसाइटी पहुंचे। यहां नवनियुक्त अध्यक्ष रामदयाल यादव ने शपथ ग्रहण कर पदभार संभाला। यहां भी विधायक ने केंद्र का निरीक्षण कर किसानों से बातचीत की। साथ ही समिति कर्मचारियों को धान खरीदी को सुचारू रूप से करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, पवन पटेल, पप्पू ठाकुर, हरेंद्र साहू, योगेश्वर चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, लखनू निर्मलकर, राधेश्याम चंद्राकर, बृजेश चंद्राकर, प्रेमू विश्वकर्मा, निहाल देवांगन, संदीप घोष, प्रेम चंद्राकर, अमृत विश्वकर्मा, संतराम चक्रधारी, आनंद साहू, मूलचंद वैष्णव, मानसिंह साहू, परमेश्वर पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ब्लॉक स्तरीय संकुल प्राचार्य और विषय विशेषज्ञों की हुई बैठक, प्री-बोर्ड परीक्षा की तैयारी के निर्देश



**महासमुंद।** शासन के निर्देशानुसार वार्षिक परीक्षा 2024-25 के पूर्व आयोजित होने वाली प्री-बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए सेजेस हिंदी सभागार में ब्लॉक स्तरीय संकुल प्राचार्य और विषय विशेषज्ञों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत ने की। बैठक में प्री-बोर्ड परीक्षा के लिए ब्लू प्रिंट के आधार पर प्रश्न पत्र तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही परीक्षा की तैयारी, उत्तर लेखन की समय सीमा, और प्रश्न पत्र निर्माण की गुणवत्ता पर चर्चा की गई। शिक्षकों और विषय विशेषज्ञों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि सभी छात्रों को प्रश्नों के सही उत्तर देने में आवश्यक मार्गदर्शन और सहयोग मिले। इसके अतिरिक्त, जाति प्रमाण पत्र और अपार आईडी निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण की तैयारी के संबंध में दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में डीएमसी कमल नारायण चंद्राकर, सहायक संचालक नंद कुमार सिन्हा, बीईओ लीलाधर सिन्हा, प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, एबीईओ तारिका कुंजाम, हीना ढालेन और बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा उपस्थित रहे।

ब्लॉक महासमुंद के समस्त संकुल प्राचार्य, विषय विशेषज्ञ शिक्षक उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत ने कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं और मेधावी बच्चों के लिए विशेष कक्षाएं आरंभ करने कहा। उन्होंने स्कूलों को क्लस्टर बनाकर विषय विशेषज्ञों की सेवाएं लेने विद्यालयों को निर्देशित किया। जाति प्रमाण पत्र के शेष लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण करने निर्देशित किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि परीक्षा की सफलता छात्रों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयास पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी शिक्षकों से छात्रों की तैयारी को बेहतर बनाने और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने का आह्वान किया। डीईओ द्वारा बैठक सूचना और जानकारी कलेक्टर महोदय को दी गई। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए आगामी परीक्षाओं को सुचारु और सफलतापूर्वक आयोजित करने का संकल्प लिया।

## कोमाखान सोसायटी के प्राधिकृत अध्यक्ष बने गोरख यादव



नर्रा। कृषक सेवा सहकारी समिति कोमाखान में नवनियुक्त अध्यक्ष गोरखनाथ यादव ने कार्यभार ग्रहण किया। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पूजन अर्चन कर किया गया। इस अवसर पर समिति प्रबंधक रूपेश सिन्हा तथा स्टाफ ने नवनियुक्त अध्यक्ष यादव का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान मुकेश चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर, पंकज जैन, एकेश्वर पटेल, सीताराम पटेल आदि मौजूद रहे।

### नांदगांव स्कूल में न्योता भोज का आयोजन



**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव में शुक्रवार को लक्ष्मी साहू ने जन्मदिन पर स्कूल में न्योता भोज कराया। इसमें स्कूल के बच्चों के लिए नाश्ता और चॉकलेट वितरण किया। इस अवसर पर शाला स्टॉफ मौजूद रहे।

### पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए 12 टेस्ट सीरीज का आयोजन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए 12 टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा। जारी विज्ञप्ति में नवकिरण अकादमी के जिला समन्वयक डी.बसंत साव ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 को ध्यान में रखते हुए टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ़ पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए 12 टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के 12 टेस्ट सीरीज क्रमशः 01 दिसंबर 2024 को पेपर -1 इतिहास एवं छत्तीसगढ़ इतिहास, 08 दिसंबर को पेपर-2 संविधान एवं पंचायती राज, 15 दिसंबर को पेपर -3 गणित एवं तर्कशक्ति, 22 दिसंबर को पेपर-4 विज्ञान, छत्तीसगढ़ करेंट, खेल एवं व्यक्तित्व, 29 दिसंबर को पेपर-5 भूगोल एवं छत्तीसगढ़ भूगोल, 05 जनवरी 2025 को पेपर-6 अर्थशास्त्र, छत्तीसगढ़ का सर्वेक्षण एवं कला संस्कृति, 12 जनवरी को पेपर-7 दर्शनशास्त्र, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय करेंट एवं अन्य शेष, 23 जनवरी को पेपर-8 मेगा टेस्ट-1, 25 जनवरी को पेपर-9 मेगा टेस्ट-2, 27 जनवरी को पेपर-10 मेगा टेस्ट-3, 29 जनवरी को पेपर -11 मेगा टेस्ट- 4, 31 जनवरी को पेपर-12 मेगा टेस्ट-5 का आयोजन किया जाएगा।




# केंद्रीय विद्यालय में जनजातीय महोत्सव की धूम



**महासमुंद।** स्थानीय पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में जनजातीय पखवाड़ा धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य संजय कंसल के मार्गदर्शन एवं सीसीए प्रभारी जितेंद्र कुमार चंद्राकर के संयोजन में भारत सरकार के मंशानुरूप मनाया जाने वाला जनजातीय पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों जैसे भाषण, निबंध, रंगोली, ड्राइंग, नृत्य आदि का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को भव्यता करने प्रभात देवांगन, प्रकृति श्रीवास्तव, भूमिका पराशर, नीलमाधव, विजेता, दशरथ राम यादव, लोकेश सिंह निर्मलकर, घनश्याम साहू, वंदना, वंदिनी जौहरी, प्रधान, रोहिता, कांता एक्का, ओम प्रकाश, ईश्वर नायक, प्रवीण साहू सीताराम, गुलाब, अभिषेक सहित केवि परिवार एवं विद्यार्थी अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रहे है। आदिवासी लोकनृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति को रविंद्र कुमार सहायक आयुक्त के वि संगठन रायपुर संभाग सहित अनेक केवि से पधारे हुए प्राचार्यों ने प्रशंसा कर बच्चों को प्रोत्साहित किए। जनजातीय पखवाड़ा पर आयोजित आकर्षक रंगोली का उच्चाधिकारियों ने अवलोकन कर बच्चों के मेहनत की सराहना की कर उत्साहवर्धन किया।



### डॉक्टरेट की मानक उपाधि से सम्मानित हुए शिक्षक सुशील

**बसना।** शिक्षा, समाज सेवा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में लगातार कार्य करने पर सहायक शिक्षक सुशील प्रधान को विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग द्वारा शाल, स्मृति चिन्ह, गोल्ड मेडल, प्रमाण पत्र और परिचय पत्र देकर डॉक्टरेट की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। इस समरोह में आयोग के समस्त पदाधिकारी, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य विशिष्ट जन उपस्थित थे। सम्मान समारोह में मुख्यअतिथि ने भारतीय संस्कृति एवं पर्यावरण को लेकर विचार प्रकट किए। विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण सरक्षण आयोग का यह विशिष्ट सम्मान शिक्षा के उन्नयन, पर्यावरण जागरुकता, चिकित्सा सेवा, जलसरक्षण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में सम्मानित किया गया।

# दिव्यांगजनों के लिए रोजगार मेला कल, महासमुंद में नए अवसरों की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले में दिव्यांगजनों को रोजगार के नए अवसर प्रदान करने और उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से साईटसेवर्स इंडिया द्वारा एक विशेष रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 25 नवंबर 2024 को आयोजित होगा, जिसमें निजी और शासकीय संस्थानों द्वारा दिव्यांगजनों के लिए रोजगार के कई विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे। इस रोजगार मेला का उद्देश्य दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में शामिल करना और उनके कौशल के आधार पर उन्हें उपयुक्त रोजगार दिलाने में मदद करना है। कार्यक्रम के जरिए, दिव्यांग व्यक्तियों को न केवल रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

रोजगार मेला का आयोजन विशेष रूप से उन दिव्यांगजनों के लिए किया गया है, जो अपनी योग्यता और क्षमता के बावजूद रोजगार से वंचित हैं। यह मेला उन्हें न केवल रोजगार दिलाने में सहायक होगा, बल्कि उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

समयः प्रातः 10 बजे से सायं 5:00 बजे तक टाउन हाल कचहरी चौक के पीछे महासमुंद आयोजित मेले में कई प्रतिष्ठित निजी और शासकीय संस्थान भाग लेंगे, जो दिव्यांगजनों की क्षमताओं के अनुरूप विभिन्न प्रकार के रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। साथ ही, प्रतिभागियों के लिए कौशल परीक्षण और मार्गदर्शन सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे उन्हें बेहतर रोजगार प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। दिव्यांगजन जो इस मेले में भाग लेना चाहते हैं, वे अपने सभी आवश्यक दस्तावेज, जैसे आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र आदि के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त, पूर्व पंजीकरण के लिए एक हेल्पलाइन नंबर और ऑनलाइन पोर्टल की सुविधा भी उपलब्ध है।

साईटसेवर्स इंडिया, दिव्यांगजनों को रोजगार प्रदान करने और उनकी क्षमताओं का विकास करने में अग्रणी संस्था है। यह संस्था विभिन्न कंपनियों और संगठनों के साथ मिलकर दिव्यांगजनों के लिए अनुकूल कार्य वातावरण सुनिश्चित करने का प्रयास करती है। इस रोजगार मेले का आयोजन भी उनके इसी प्रयास का हिस्सा है।

इस रोजगार मेले के माध्यम से दिव्यांगजनों को अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने और समाज में अपनी पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। यह मेला न केवल रोजगार प्रदान करने का मंच होगा, बल्कि दिव्यांगजनों के प्रति समाज की सोच को सकारात्मक दिशा में बदलने का एक प्रयास भी होगा। महासमुंद जिले के सभी दिव्यांगजन, उनके परिवार और हितधारक संस्थाओं से अनुरोध है कि इस रोजगार मेले में बढ़-चढ़कर भाग लें और इस पहल को सफल बनाएं। यह अवसर न केवल रोजगार दिलाने का माध्यम है, बल्कि एक सशक्त समाज की ओर कदम बढ़ाने का भी प्रतीक है।

## खबर संक्षेप



### उपनिरीक्षक बने प्रदीप, समाजजनों ने किया सम्मान

**महासमुंद।** ग्राम पचरी (झलप) निवासी प्रदीप दीवान पिता कुलदीप दीवान का चयन पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक के पद पर हुआ है। कंवर समाज युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजेंद्र राजू दीवान व सर्कल परिक्षेत्र पथर्री के सगाजनों ने प्रदीप दीवान के निवास पर पहुंचकर सम्मान किया। इस दौरान कुलेश्वर दीवान (उपाध्यक्ष), ललित दीवान, इंद्रा दीवान, देवसिंह दीवान, ठगेंद्र दीवान यशवंत दीवान शत्रुघन दीवान, नेपाल दीवान, करण दीवान, शिवकुमार दीवान, अनिल दीवान, रवि दीवान, पवन दीवान, मोंटी दीवान, चेतन दीवान, हेमसिंह दीवान, खोवा दीवान, कीर्तन दीवान, विकास दीवान, मूरत दीवान, चरण दीवान आदि मौजूद रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी एवं आदिवासी युवा नेता हरीश दीवान ने दी है।

### कछारडीह समिति के अध्यक्ष बने हलधर, पदभार संभाला



**नर्रा।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति कछारडीह सोसायटी के नवनियुक्त अध्यक्ष हलधर चंद्राकर ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कोमाखान भेखलाल उर्फ सागर चंद्राकर, दुबेलाल साहू, एवन साहू, माधव मांझी, सुरेश पटेल, अर्जुन धुर्वा आदि उपस्थित रहे थे। इस दौरान समिति के प्रबंधक धनेश्वर साहू ने प्राधिकृत अध्यक्ष हलधर चंद्राकर को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

## बैठक : सड़कों पर गति अवरोधक निर्धारित मापदंड के अनुरूप बनाएं

# सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर अपना जीवन सुरक्षित रखें : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सांसद रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित हुई। इस अवसर पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, सरायपाली विधायक चातुरी नंद, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर रवि साहू, जिला परिवहन अधिकारी आरके ध्रुव सहित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य मौजूद थे।

बैठक में सांसद चौधरी ने जिले में सड़क सुरक्षा से संबंधित किए गए प्रयास, सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण, दुर्घटना नियंत्रण के उपाय व सड़क सुरक्षा जागरुकता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सड़क दुर्घटना रोकने, ओवर स्पीडिंग को नियंत्रित करने तथा आवश्यक सुरक्षा साधनों का उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वयं और साथी यात्रियों की सुरक्षा के लिए आम नागरिक वाहन चलाने के दौरान हेलमेट, सीट बेल्ट आदि का प्रयोग करें। हेलमेट नहीं पहनने के कारण ही दुर्घटना में अधिकांश लोगों की मृत्यु हुई है। सड़क में संकेतक नहीं होने से यात्रियों को लंबी दूरियों का सफर करके अनावश्यक परेशानियां होती है। उन्होंने कहा कि ओवरलोडेड गाड़ियों पर भी नियमित कार्रवाई किया जाए तथा खनिज परिवहन के लिए प्रयोग होने वाले वाहनों में तिरपाल से ढंका जाए।

उन्होंने कहा कि जिले में शासकीय व निजी हाईस्कूल-कॉलेजों में दुपहिया वाहनों से आने वाले छात्र जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है, हेलमेट पहनकर आए इसका पालन कराने के लिए संबंधित संस्था के प्राचार्य उत्तरदायी होंगे। स्कूली वाहनों में भी क्षमता से अधिक छात्रों को नहीं बैठाएं। स्कूलों में वाहनों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था के बाद ही नए स्कूल खोलने की अनुमति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी व आमजन, जो दो पहिया वाहन में आते है सभी हेलमेट पहन कर कार्यालय आएं। हेलमेट पहन कर नहीं आने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाए। उन्होंने ब्लैक स्पॉटों और अन्य टर्निंग पॉइंट पर रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था, स्पीड लिमिट बोर्ड, रंबल स्ट्रीप, कैमरा, रोड मार्किंग जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने हाई कोर्ट के आदेशानुसार वाहनों में प्रेशर हॉर्न, तेज आवाज वाले साइलेंसर और तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने कहा है।

बैठक में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ओवर स्पीडिंग करने वाले चालकों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग और नेशनल हाईवे के अधिकारियों को शासन से निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि अनियंत्रित गति से चलने वाले हाइवा और ट्रैक्टर पर पुलिस और आरटीओ संयुक्त रूप से कार्रवाई करें। उन्होंने यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगातार चालानी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। साथ ही कॉलेजों और अन्य स्थानों पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा। उन्होंने नेशनल हाईवे, लोक निर्माण विभाग और छत्तीसगढ़ राज्य सड़क विकास निगम के अधिकारियों को तिराहा, चौराहा, स्टेट और नेशनल हाईवे मोड़ और खुले पुल-पुलिया, खतरनाक मोड आदि दुर्घटनाजन्य स्थानों में भी संकेतक साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। सरायपाली विधायक चातुरीनंद ने सरायपाली क्षेत्र में वाहनों के फिटनेस के लिए विशेष कैंप लगाने कहा।

उन्होंने ओवरलोड गाडियों पर भी नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग ने शहरी क्षेत्रों में भी यातायात व्यवस्था आवश्यक सुधार के लिए पुलिस विभाग के समन्वय से कार्रवाई करने का सुझाव दिया।




### खास बातें

- सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक
- बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले कुल 383 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई कर राशि 1,91,500 समन शुल्क की वसूली
- रेड सिग्नल जंप करने वाले वाहन कुल 1151 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर राशि 3,45,300 समन शुल्क की वसूली

### जागरुकता अभियान जारी

बैठक में पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आम नागरिकों के अलावा 177 शासकीय अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई कर राशि 88,500 समन शुल्क वसूल किया गया। शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले कुल 62 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। जिसमें राशि 6,20,000 अर्थदंड से दंडित किया गया। मालवाहक वाहन में यात्री परिवहन करने वाले कुल 148 चालकों के विरूद्ध कार्रवाई कर राशि 44.400 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया। लाइसेंस निलंबन, निरस्तीकरण के लिए विभिन्न धाराओं के तहत कुल 16 प्रकरणों में संबंधित जिला परिवहन कार्यालय भेजा गया। जिसमें सभी का 03 माह के लिए लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की गई। बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले कुल 383 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई कर राशि 1,91,500 समन शुल्क वसूल किया गया। रेड सिग्नल जंप करने वाले वाहन कुल 1151 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई कर राशि 3,45,300 समन शुल्क वसूल किया गया। ओवर स्पीड वाहन चलाने वाले कुल 73 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर राशि 73000 समन शुल्क वसूल किया गया। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, जनपद अध्यक्ष बागबाहरा स्मिता चंद्राकर, सदस्य महेंद्र जैन, सुनीता देवांगन एवं अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

## महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम हुआ

# ट्रैफिक नियमों का पालन करना जरूरी : विपिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के मार्गदर्शन में 20 नवंबर 2024 को सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में विपिन साहू डीईओ परिवहन विभाग जिला महासमुंद एवं लखन कुमार सहायक कर्मचारी परिवहन विभाग उपस्थित रहे। साथ ही अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो मंचस्थ रहे। कार्यक्रम में विपिन साहू द्वारा छात्रों को बताया कि आप सड़क पर पैदल हों या किसी गाड़ी में, आपकी हिफाजत के लिए सिर्फ आपका परिवार ही नहीं सरकार भी फिक्रमंद रहती है। उसने मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियम बनाए हैं। ताकि, सब सुरक्षित रहें और सकुशल अपने घर लौटें। दो पहिया वाहन चालक हो या भारी वाहन के मालिक, सबके लिए यातायात नियम तय हैं। आप गाड़ी चला रहे हैं तो सिर्फ इंसान ही नहीं पशुओं और निजी और सरकारी संपत्ति की रक्षा करना भी आपकी जिम्मेदारी है। वाहन चलाते समय इनमें से किसी को भी आप नुकसान नहीं पहुंचा सकते। लखन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि गाड़ी चलाते वक्त सड़क पर लगे ट्रैफिक संकेतों को भी देखें और अपनी गाड़ी के संकेतों का भी उपयोग करें। ताकि, सड़क पर आगे पीछे चलने वाले लोग उन्हें देखकर अपनी गाड़ी सुरक्षित रख सकें। जब आप मुड़ रहे हों, या गाड़ी को धीमा कर रहे हों या किसी अन्य वाहन को गुजरने के लिए जगह दे रहे हों तो ज़रूरी संकेतों का इस्तेमाल करें। साइलेंट जोन जैसे अस्पताल या ओल्डऐज होम या विश्रामघाट पर हार्न का इस्तेमाल न करें। अजय कुमार राजा ने सड़क सुरक्षा के लिए कुछ नियम जैसे सड़क पर चलते समय, हमेशा बाईं ओर चलें, जेब्रा क्रॉसिंग से ही सड़क पार करें, ट्रैफिक लाइट देखने के बाद ही रुकें या आगे बढ़ें, चौराहों पर गति कम रखें, ट्रैफिक संकेतों और हाथ से संकेत दें, गाड़ी चलाते समय कभी भी मोबाइल फ़ोन का इस्तेमाल न करें, सीटबेल्ट और हेलमेट पहनें, गति सीमा का ध्यान रखें, कभी भी शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। नागरिकों, बच्चों और पैदल चलने वालों का ध्यान रखें। कार्यक्रम में गाड़ियों का लाइसेंस बनवाने का नियम कॉलेज में लाइसेंस बनाने के लिए शिविर लगाने का प्रस्ताव, हेलमेट लगाकर गाड़ी चलाने का सुझाव, दुर्घटना होने पर क्षतिपूर्ति के नियम सड़क में दाएं बाएं और चौराहे का सड़क नियम का पालन आदि जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मनबोध चौहान, योगेश साहू, अविनाश चौहान, प्रकाशमणि साहू सहित रासेयो स्वयंसेवक शीतल देवांगन, उर्मिला साहू, पोषण साहू, मनोज देवांगन, खुशबू कन्नौजे, काजल सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने किया।

# अब बारदाने के बहाने धान खरीदी में व्यवधान पैदा करवा रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस व किसान नेता अंकित बागबाहरा ने कहा है कि रोज किसी न किसी बात पर किसानों को मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी शुरुआत 14 दिन देर से धान खरीदी की से हुई। फिर ऑफलाइन टोकन सीधे एक हफ्ते बाद का काटता है। फ़रि ऑनलाइन या ऑफलाइन टोकन ही नहीं कट रहा। भुगतान में अभी सिर्फ केंद्र के समर्थन मूल्य की ही जानकारी 3100 के बचे पैसे कब देंगे, इसकी जानकारी तक नहीं दी जा रही। प्रत्येक पंचायत में धान के भुगतान की व्यवस्था कब से होगी उसकी जानकारी भी नहीं दी जा रही। कहीं कहीं से वन अधिकार पट्टे के रकबे की समस्या आ रही। अब जब धान खरीदी को शुरू हुए दो हफ्ते का समय ही हुआ है। समितियों के पास बारदाने खत्म हो गए हैं, बहाना बताया जा रहा है कि मिल वालों से बारदाना नहीं मिल रहा। वर्तमान भाजपा सरकार जानबूझ कर मिलर से समस्या का हल नहीं निकाल रही। फिर कहा जा रहा है कि पीडीएस से बारदाना ले के खरीदेंगे और इसका हल निकालने जानबूझ कर टोकन को स्लो चला रहे और किसी न किसी बहाने एनआईसी की समस्या बता रहे।



अंकित ने चेताया कि किसान धान उपजाता है वही उसका काम है उसे कन, बारदाने, ऑनलाइन, ऑफलाइन, नए पुराने बारदाने के झंझट से कोई सरोकार नहीं है। धान खरीदना पूर्ण रूप से शासन की जवाबदारी है। फिर चाहे टोकन समय पर कटे व बारदाना नया पुराना उपलब्ध रहे, उसके लिए किसानों को मजबूर करना गलत है। अंकित ने कहा कि बारदाना की व्यवस्था शासन कराए,बारदाना किसान कहां से तत्काल लाएगा, नहीं ला पाने पर उसका एक टोकन का नुकसान होगा और अभी भी मात्र 25 रुपए की कीमत प्रति बारदाने पर समिति भुगतान करेगी और इस अंतर की राशि के नुकसान को किसान ही झेलने मजबूर होना पड़ेगा। बागबाहरा विकासखंड के अधिकतर खरीद केंद्रों में सोमवार से खरीदी के लिए पुराना बारदाना नहीं है, याने अगर किसान व्यवस्था नहीं कर पाया तो फिर खरीदी बंद।

### बाइक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** पिथौरा के मदन कबाड़ी दुकान के सामने खड़े व्यक्ति को बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में व्यक्ति को चोटें आई है। वार्ड-4 पिथौरा निवासी डोलामणी जलक्षत्री ने पुलिस को बताया कि वह 17 नवंबर को करीब 11:15 बजे मदन कबाड़ी दुकान पास खड़ा था। उसी समय बरगढ़ हाल मुकाम देवार पारा बार चौक पिथौरा निवासी सहदेव देवार ने बाइक को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी, जिससे उसके बांए पैर, कमर, दांए हाथ में चोटें आई है।

**न्यायालय तहसीलदार उप तह भंवरपुर जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रमांक / 443/क/वा-1/तह./2024
दिनांक 18/11/2024

एतद द्वारा सर्वसाधारण के लिए सूचनार्थ प्रकाशन कराया जाता है कि आवेदक / आवेदिका आनन्द कुमार पिता/पति निमाईचरण निवासी ग्राम / नगर झारबंद तहसील- बसना द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि आवेदक/आवेदिका अपने स्वयं / पुत्र/पुत्री/ पिता- रश्मि का दिनांक 06/04/2005 को स्थान झारबंद में जन्म/मृत्यु हुआ है। उक्त जन्म / मृत्यु का पंजीयन नही हो पाने के कारण उक्त तिथि में स्वयं / पुत्र/पुत्री/माता/पिता-रश्मि पटेल के जन्म / मृत्यु की घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 03/12/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 18/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार बसना (छ.ग.)**






## खबर संक्षेप



### मेघ भवन में योगाभ्यास शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** शहर के गांधी चौक स्थित मेघ भवन में 4 अगस्त से नियमित योग अभ्यास शिविर से शहरवासी लाभान्वित हो रहे हैं। यह योगाभ्यास विवेक वर्धमान ग्रुप की ओर से संचालित हो रहा है। योग शिविर में योगाचार्य दीपक वैष्णव द्वारा अनेक प्रकार के योग अभ्यास कराया जा रहा है। जिसमें शारीरिक, मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के गुर सिखाए जा रहे हैं। योग सहित विभिन्न प्रकार के आसान जो शरीर को स्वस्थ बनाने में सहायक है, जैसे मंडूकासन, मर्कटासन, गौमुखासन, धनुरासन एवं इस योग शिविर में योग प्राणायाम, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम भ्रामरी जैसे सभी प्राणायाम का अभ्यास इस योग शिविर में नियमित रूप से कराया जा रहा है। जिसमें पुरुष एवं महिलाएं सहित सभी वर्ग के लोग इस योग शिविर का लाभ ले रहे हैं।



### पचरी सहकारी समिति के अध्यक्ष ने संभाला पदभार

**पटेवा।** सहकारी समिति पचरी के प्राधिकृत अध्यक्ष टीकाराम पटेल ने कार्यभार संभाला। समिति के प्रभारी डोलनारायण पटेल ने पुष्प एवं गुलाल से स्वागत किया। बाद पटेल ने सोसायटी में धान बेचने वाले सभी किसानों का स्वागत किया और अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी किसानों को कोई भी समस्या नहीं होगी। सरकार द्वारा दी जा रही सुविधा सभी को उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान पचरी सोसायटी प्रभारी डोलनारायण पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष धरम पटेल, भाजपा नेता सुनील पटेल, मनोहर साहू, रविशंकर पैकरा, राजेश्वर ध्रुव, गजानंद पटेल, हेमराज ध्रुव, तेजराम ध्रुव, शिवकुमार मंडावी, रामदयाल ध्रुव, पुरूषोत्तम, खिलेश्वर ध्रुव, संतुराम ध्रव, देवानारायण ध्रुव, कांशीराम ध्रुव आदि उपस्थित रहे।



### पटेवा सहकारी समिति की अध्यक्ष बनीं रामेश्वरी

**पटेवा।** सहकारी समिति पटेवा के अध्यक्ष रामेश्वरी पैकरा ने कार्यभार संभाला। समिति के प्रभारी शंकर गजेंद्र ने पुष्प एवं गुलाल से स्वागत किया। उसके बाद श्रीमति पैकरा ने सोसायटी में धान बेचने वाले सभी किसानों का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी किसानों को कोई भी समस्या नहीं होगी। सरकार के सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा। इस अवसर पर पचरी सोसायटी प्रभारी शंकर गजेंद्र, भाजपा मंडल अध्यनक्ष धरम पटेल, भाजपा नेता सुनील पटेल, मनोहर साहू, रविशंकर पैकरा, प्रेम यादव, कुलेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे।

### महिला स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर हुआ कार्यक्रम

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में रेड रिबन क्लब तथा रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन में महिला स्वास्थ्य सुरक्षा अभियान के तहत जेहोवारोही इंडिया प्राइवेट लिमिटेड संस्थान द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता स्मिता रहीं। साथ ही उनके के साथ मन्नू दीवान आयुर्वेदिक सलाहकार, यशोदा ध्रुव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता स्मिता ने अपने वक्तव्य में महाविद्यालय के छात्राओं को महावारी के समय होने वाली परेशानी को कैसे कम किया जाए, सही खान-पान का अनुपात तथा महावारी के बैक्टेरिया से होने वाली बीमारियों व उनके रोकथाम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं द्वारा पूछे गए सवालों का निवारण किया गया। संचालन रेडक्रॉस व रेड रिबन प्रभारी लता भोई ने किया।

**पुरातत्व संरक्षण : सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण का लोगो और वेबसाइट का लोकार्पण**

# वेबसाइट के माध्यम से सिरपुर के वैभव और समृद्ध इतिहास का अवलोकन कर सकेंगे आम नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन में ऐतिहासिक, पुरातात्विक और प्राचीनतम पर्यटन स्थलों को विश्व के मानचित्र पटल में लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में महासमुंद जिले में स्थित पुरातात्विक और ऐतिहासिक नगरीय सिरपुर के पुरावैभव को आम लोगों तक पहुंचाने वेबसाइट का निर्माण किया गया है। जिसे महासमुंद सांसद रुपकुमारी चौधरी ने गुरुवार को दिशा समिति की बैठक के पश्चात सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के लोगों और वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर सिरपुर ने डिजिटल युग में कदम रखते हुए वैश्विक जुड़ाव का एक नया अध्याय शुरू किया।

इस पहल के तहत सिरपुर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पुरातात्विक विरासत को सोशल मीडिया और वेबसाइट के माध्यम से विश्व पटल पर प्रस्तुत किया जाएगा। इसके माध्यम से इतिहासकार, वैज्ञानिक, वास्तुविद, पुरातत्वशास्त्री और अन्य शोधकर्ता सिरपुर की विलक्षणताओं और विशेषताओं से परिचित हो सकेंगे। इसमें आम नागरिक घर बैठे सिरपुर के वैभव और ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में जान सकेंगे। वेबसाइट https://sirpursada.com/home पर अवलोकन किया जा सकता है। इसमें सिरपुर के विशेष दार्शनिक और प्राचीन स्थल जैसे सुरंग टीला, लक्ष्मण मंदिर, बौद्ध स्तूप, गंधेश्वर महादेव मंदिर, बौद्ध स्वास्तिक विहार को




देखा जा सकता है। इसमें सिरपुर में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी भी संलग्न की जाएगी। जिससे दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों को सहुलियत होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। लोकार्पण कार्यक्रम में सिरपुर की धरोहर को संरक्षित करने और उसे वैश्विक स्तर पर प्रचारित करने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। यह प्रयास सिरपुर को पर्यटन और अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से सिरपुर की समृद्ध संस्कृति, मंदिर वास्तुकला और ऐतिहासिक धरोहरों को एक नई पहचान मिलेगी। लोकार्पण के इस आयोजन ने सिरपुर को विश्व मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक नई राह प्रशस्त की है।

उल्लेखनीय है कि प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक समृद्धि, ऐतिहासिक महत्व और पुरातात्विक धरोहरों से ओत-प्रोत छत्तीसगढ़ के जिले महासमुंद को एक प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल है सिरपुर। महानदी के तट पर स्थित यह ग्राम पांचवी शताब्दी में शरभपुरिया राजा प्रवरदेव के द्वारा बसाया गया था। यह नगर पांचवी से बारहवीं शताब्दी तक दक्षिण कोसल राज्य की राजधानी रहा और इसका नाम उस समय श्रीपुर था, जिसका अर्थ घन ऐश्वर्य और वैभवों का नगर होता है। सिरपुर में अब तक हुए उत्खननों में 12 बौद्ध विहार, 14 शिव मंदिर, 05 विष्णु मंदिर, 03 जैन विहार एक बड़ा बाजार और अन्यान्य आवासीय रचनाएं यहां मिली है। साथ ही अनके स्वर्ण, अष्टधातु, कांसा और पाषाण प्रतिमाएँ, बर्तन, औजार ताम्र लिपियों और शिलालेख मिले हैं जो उस काल की जीवन शैली, समृद्धि और धार्मिक सहिष्णुता को परिलक्षित करते हैं। वर्तमान राजधानी से 78 किमी की दूरी पर विमानाश्रय से 74 किमी और महासमुंद रेलवे स्टेशन से 38 किमी की दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग 53 से 19 किमी की दूरी पर रायपुर-कसडोल मार्ग पर सिरपुर स्थित है। सघन आरक्षित वनों से आच्छादित महानदी के तट पर स्थित इस क्षेत्र के 34 ग्रामों को शामिल कर इस क्षेत्र को विश्व विरासत स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से 2015 में छग शासन ने सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन किया है।

## राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए सेजेस सांकरा के छात्र नैतिक का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा (जोंक)

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सांकरा जोंक के विद्यार्थी नैतिक यादव का चयन 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत हैंडबॉल (अंडर-14) वर्ग के लिए हुआ है। नैतिक की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर एसएमडीसी अध्यक्ष कैलाशचंद्र अग्रवाल ने नैतिक को बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय के विद्यार्थी का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन होना न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। साथ ही उन्होंने इस उपलब्धि के लिए खेल शिक्षक आशीष कुशवाहा एवं विद्यालय के समस्त स्टॉफ को बधाई दी है। प्राचार्य दीपक देवांगन ने चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है। खेल बच्चों को वह सब सीखने का मौका देता है जो वे जानते हैं और वह भी जो वे नहीं जानते। यह उन्हें परीक्षण और त्रुटि के माध्यम से प्रयोग करने, समस्याओं का समाधान खोजने, सर्वोत्तम रणनीतियों पर काम करने और नए आत्मविश्वास और कौशल विकसित करने का मौका देता है। नैतिक की इस सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर संस्था के व्याख्याता अजय नायक ने कहा कि खेल व्यक्ति के चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण करने में मदद करते हैं। खेल जीवन में अनुशासन लाते हैं अतः हमें खेल को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाना चाहिए। इस उपलब्धि शाला विकास समिति के सभी सदस्यों, नागरिकों, जिला हैंडबॉल संघ, वरिष्ठ व्याख्याता एसडी भोई, टीडी कुमार, पीएल नायक, एमआर सिदार, एसके पटेल, आईके डड़सेना आदि ने हर्ष जताया है।




### अजजा शासकीय सेवक संघ का शपथ ग्रहण कल

**महासमुंद।** अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय प्रबंधकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 24 नवम्बर रविवार को पं दीनदयाल ऑडिटोरियम रायपुर में आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। अध्यक्षता आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि संसदीय कार्य वन एवं जलवायु परिवर्तन जल संसाधन कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग मंत्री केदार कश्यप, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक कोंडागांव लता विसेंडी, विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम, विधायक पाली तानाखार तुलेश्वर सिंह मरकाम, विधायक बिन्द्रानवागढ़ जनक ध्रुव, विधायक रामपुर फूलसिंग राठिया, विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, विधायक मरवाही प्रणव कुमार मरपची, विधायक कांकेर आशाराम नेताम, अजजा शासकीय सेवक विकास संघ छग के पूर्व प्रांताध्यक्षगण सरजियस मिंज (आईएएस), बीएल ठाकुर (आईएएस), जीएस धनंजय (आईएएस), शिशुपाल शोरी (आईएएस), विजय ध्रुव (आईएफएस) होंगे। संघ के प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव, उपप्रांताध्यक्ष कमलेश ध्रुव, प्रांतीय संयुक्त सचिव एसपी ध्रुव, सदस्य सुरेंद्र कुमार भोई एवं जिलाध्यक्ष महासमुंद एमएल ध्रुव ने सदस्यों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## सशक्त राष्ट्र निर्माण में सशक्त निर्वाचन प्रक्रिया की भूमिका महत्वपूर्ण : मालती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 22 नवंबर को प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर के समस्त छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय सेमीनार कंप्यूटर आधारित (पावर पाइंट प्रेजेंटेंशन) का आयोजन भारतीय लोकतंत्र के समक्ष चुनौतियांः- वर्तमान संदर्भ में विषय पर रखा गया। इस अवसर पर डॉ. मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग, केसर चंद्रवनपाल सहायक प्रध्यापक राजनीति विज्ञान विभाग, विजय कुमार मिर्चे मौजूद रहे। सर्वप्रथम सरस्वती माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पूजन किया गया। सभी प्राध्यापकों का बैच एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। डॉ. मालती तिवारी द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि किसी भी सशक्त राष्ट्र के निर्माण में सशक्त निर्वाचन प्रक्रिया की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। लोकतांत्रिक राष्ट्र की यह हमारी परंपरा रही है कि प्राचीनता के साथ-साथ नूतनता को भी स्थान देते हैं। राष्ट्र जितना बड़ा होता है उनकी लोकतांत्रिक समस्याएं उतना ही बड़ा होता है जैसे भाषावाद, क्षेत्रवाद, संप्रदायवाद, भ्रष्टाचार, अशिक्षा इत्यादि, जिसे लड़ने के लिए हमें लोकतांत्रिक संस्थानों को अनैतिकता और भ्रष्टाचार से मुक्त रखना पड़ेगा। केसर चंद्र बनपाल ने युवाओं के भागीदारी पर विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि सभी युवाओं को मतदान कार्य में भाग लेना चाहिए। विभिन्न निर्वाचन प्रणालियों की समझ राष्ट्र निर्माण में हमारी भूमिका को तय करता है। विजय कुमार मिर्चे ने पीपीटी आधारित सेमिनार के लिए छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित किया। सेमिनार में तृतीय सेमेस्टर से टिकेश्वरी नेताम, मोनिका सोनवानी, अनिशा मिंज तथा प्रथम सेमेस्टर से पूर्णिमा दीवान, जानकी साहू, महेंद्र कुमार, मायावती ठाकुर, पूजा पटेल, प्रियंका जांगड़े, आरती प्रजापति, उमेंद्र पटेल, धनंजय साहू ने भी अपने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर तृतीय सेमेस्टर से प्रेमज्योति ढीढी, भावना साहू एवं प्रथम से. से मनोहर सोनवानी, भैरव साहू, ममता उपस्थित रहे।


## तेंदूकोना सोसायटी में हुआ शपथ ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

राज्य शासन द्वारा कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित तेंदूकोना के समिति अध्यक्ष के रूप में चिंताराम साहू को समिति का प्राधिकृत अध्यक्ष मनोनीत किया गया है, जिनका पदभार कार्यक्रम 21 नवम्बर 2024 को समिति परिसर में आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद, पिलेश्वर पटेल मंडल अध्यक्ष, मानसिंह दीवान, सुरेश अग्रवाल मौजूद रहे। इस अवसर पर समिति प्रभारी मनीराम साहू, लिपलेश चक्रधारी, देवंतीन दीवान सरपंच, जीवन साहू सरपंच, हीरा सिंह दीवान सरपंच, टेनू राम साहू पूर्व सरपंच, रवि फ़रोधिया, कमलेश कुमार टांडेय, महारथी साहू, तुलाराम साहू, रेवाराम साहू, हरीश दीवान, मयाराम साहू, जीवनी साहू, मेनका साहू, विजय अग्रवाल, गोवर्धन लाल साहू, बलराम दीक्षित, कमलेश नामदेव, भूखन यादव, नारायण दीवान, मार्कंडेय नायक समिति क्षेत्र के भारी संख्या में किसान एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। पदभार ग्रहण करने के पश्चात अध्यक्ष चिंताराम साहू ने कहा कि वे हमेशा किसानों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### आज दशगात्र



स्व. श्री फिरतुराम पटेल

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति श्री फिरतुराम पटेल का आकस्मिक निधन दिनांक 14-11-2024 दिन गुरुवार को हो गया। जिसका कार्यक्रम निम्नानुसार है। अतः आप सपरिवार पधारकर दिवंगत आत्मा को श्रध्दांजली अर्पित कर हमे अनुग्रहित करें।

**कार्यक्रम दशगात्र 23-11-2024 दिन शनिवार**
स्थान ग्राम- राटापाली (नर्रा) नोट तालाब कार्यक्रम समय प्रातः 11 .00 बजे

-शोकाकुल परिवार-
श्री प्रेमलाल, उमेश, गुलजारी, रामचंद, अरुण, सत्यंम, शिवम, अयांश, टियांश, टकेश्वरी, भावना, गुनगुन एवं समस्त पटेल परिवार
श्री संतोष भानमति पटेल दयाराम लक्ष्मी पटेल
राकेश निर्मला (बेटी दमान)

-विनीत-
श्रीमती केजाबाई पटेल (पत्नि),
श्री कांशीराम-चुन्नीबाई पटेल (भाई-बहु),
श्री हरिशंकर-श्रीमती हेमिन बाई पटेल,
श्री हरजीवन-कुमारी पटेल (बेटा-बहु),
ग्राम-राटापाली (नर्रा ) जिला-महासमुंद (छग)
मो-6267369338

नोट : मित्र रिश्तेदार समाजिक राजनैतिक जिनको आमंत्रण नहीं मिला है । वे इसे ही आंमत्रण स्वीकार करे ।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
■ कमर
■ जांघ,
■ आर्म
■ वक्ष स्थल
■ शरीर के अन्य हिस्सों का लेजर द्वारा लाइपोसक्शन
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक: 17 दिसंबर 2024, 21 दिसंबर 2024, 24 दिसंबर 2024, 19 जनवरी 2025, 26 फरवरी 2025, 16 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels – One Way Taxi Pvt Ltd
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 30 अप्रैल से 13 मई 2025
03 मई से 16 मई 2025, 08 मई से 21 मई 2025
14 मई से 27 मई 2025, 19 मई से 01 जून 2025,
22 मई से 04 जून 2025, 25 मई से 07 जून 2025
02 जून से 15 जून 2025, 05 जून से 18 जून 2025,
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशिः-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है
फिल्ड एक्जीक्यूटिव की जो सफलता की सीढ़ी चढ़ना चाहते है...
महासमुंद शहर
वेतन - 10000+ इंसेंटिव
स्वयं का साधन - 10वीं से स्नातक
Resume Whatsapp करें
9098324969
पताः प्रीतम प्राईडे कॉम्प्लेक्स, हरिभूमि कार्यालय, महासमुंद

